# ऑपरेशन महाकाल

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश की कानपुर पुलिस ने '**ऑपरेशन महाकाल**' के माध्यम से **भू-माफिया** और जबरन वसूली गिरोहों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की शुरुआत की है।

## मुख्य बिंदु

- **अभियान के बारे में:**
  - यह अभियान **5 अगस्त 2025 को प्रारंभ किया गया**, जिसका उद्देश्य **अवैध भूमि कब्ज़ा** गतिविधियों की पहचान करना, उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करना तथा इन गतिविधियों को संचालित करने वाले न केवल अपराधियों, बल्कि उन्हें सहयोग देने वाले प्रभावशाली व्यक्तियों को भी चिह्नित कर **सख्ती से कार्रवाई करना** है।
- **ऑपरेशन के चरण:** ऑपरेशन दो चरणों में संचालित किया जा रहा है:
  - **प्रथम चरण (5 सितंबर 2025 तक):** इसमें भूमि कब्ज़ा और जबरन वसूली में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
  - **द्वितीय चरण (15 सितंबर 2025 से प्रारंभ):** इस चरण में कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें संपत्ति ज़ब्ती तथा आरोप दर्ज करने की प्रक्रिया शामिल होगी।
- **सहयोगियों के विरुद्ध कार्रवाई:**
  - भूमि माफिया का संबंध अनेक **श्वेतपोश पेशेवरों** से है, जिनमें **सरकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि** तथा **पत्रकार** शामिल हैं।
  - इन समूहों के बीच हुई मिलीभगत की गहराई से जाँच की जाएगी और उनके विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/operation-mahakal